MPS-03

राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम
(MPS)

सत्रीय कार्य

(एम.ए. प्रथम वर्ष)

जुलाई 2025 और जनवरी 2026 सत्र के लिए

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

एम.ए. (राजनीति विज्ञान)
प्रथम वर्ष
अनिवार्य पाठ्यक्रम

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि आपको राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम से संबंधित कार्यक्रम दर्शिका में बताया गया है कि राजनीति विज्ञान के प्रत्येक अनिवार्य पाठ्यक्रम के लिए आपको एक अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टीएमए) करना होगा। इस पुस्तिका में राजनीति विज्ञान के स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम के सत्रीय कार्य सम्मिलित हैं।

सभी सत्रीय कार्यों को निर्धारित समय के भीतर जमा कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आप सत्रांत परीक्षा देने के पात्र हो सकें। सत्रीय कार्य करने से पहले, कृपया कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सत्रीय कार्य (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य) के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपके उत्तर भाग–विशेष के लिए निर्धारित की गई शब्द–सीमा के भीतर होने चाहिए। याद रखिए, सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन शैली में सुधार होगा और ये आपको सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार करेंगे।

इसके साथ ही, सभी सत्रीय कार्यों को पूरा करके अपने **अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास जमा कराएँ।** जमा कराए गए सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त कर लें और उसे अपने पास संभाल कर रखें। अगर संभव हो, तो सत्रीय कार्यों की एक फोटोप्रति भी अपने पास रखें।

मूल्यांकन के पश्चात् अध्ययन केन्द्र आपको सत्रीय कार्य वापस कर देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। अध्ययन केन्द्र द्वारा अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पास भेजना होता है।

प्रस्तुतीकरण : हल किए गए प्रश्नों को निम्नलिखित समय–सारणी के अनुसार भेजें।

सत्र	जमा करने की अंतिम तिथि	किसके पास जमा करें
जुलाई, 2025 के लिए	31 मार्च, 2026	अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास जमा करें।
जनवरी, 2026 के लिए	30 सितंबर, 2026	

शुभकामनाओं के साथ,

राजनीति विज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

भारतः लोकतंत्र और विकास (MPS-003)
अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोडः MPS-003
सत्रीय कार्य कोडः MPS-003/ASST/TMA/2025-26
अधिकतम अंकः 100

निर्देशः नीचे दिए गए दो खंडों (खंड–1 और खंड–2) में से कम से कम दो प्रश्न प्रत्येक खंड से चुनते हुए कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर लगभग 500 शब्दों में होना चाहिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंका का है।

खंड-I

1) विकास की राजनीतिक दृष्टि से व्याख्या कीजिए। भारत में लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था विकास की प्रक्रिया और परिणामों को किस प्रकार प्रभावित करती है, स्पष्ट कीजिए।

2) भारत में केन्द्र–राज्य संबंधों की संस्थागत व्यवस्थाओं का मूल्यांकन कीजिए।

3) भारत में आर्थिक उदारीकरण के रोज़गार और असमानता पर प्रभावों की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए।

4) भारत में दलित आंदोलनों के विकास, उद्देश्यों तथा समकालीन प्रासंगिकता पर चर्चा कीजिए।

5) निम्नलिखित पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिएः

   a) उदारीकृत अर्थव्यवस्था में राज्य की बदलती भूमिका

   b) नागरिक समाज और लोकतांत्रिक विकास के बीच संबंध

खंड-II

6) राजनीतिक भागीदारी समावेशी विकास में किस प्रकार सहायक होती है? भारत में समकालीन प्रवृत्तियों के संदर्भ में चर्चा कीजिए।

7) पहचान–आधारित क्षेत्रीयता के उभार तथा उसके राष्ट्रीय एकता पर प्रभाव का विश्लेषण कीजिए।

8) सतत विकास की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए तथा पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति भारत की नीति प्रतिक्रियाओं का मूल्यांकन कीजिए।

9) भारतीय नगरों में अत्यधिक नगरीकरण के जनसांख्यिकीय और सामाजिक–आर्थिक प्रभावों की विवेचना कीजिए।

10) निम्नलिखित पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिएः

   a) मानव विकास दृष्टिकोण

   b) शहरी भारत में प्रवासन और असंगठित श्रम